अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए

अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए,
सुदामा कैसे आए सुदामा कैसे आए,
अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए.....

तन्ने भारी कष्ट उठाए, तेरे पैरों पड़े हैं छाले,
अरे मैं पुछु बारम्बार सुदामा कैसे आए,
अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए.....

जब पैर सुदामा के धोये, छालों को देख कर रोए,
अरे वह तो मिल रहे भुजा पसार सुदामा कैसे आए,
अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए.....

जब आसन बीच बिठाए छत्तिशो भोग लगाएं,
अरे वह तो जीमे एक ही साथ सुदामा कैसे आए,
अरे मेरे बालापन के यार सुदामा कैसे आए.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31998/title/are-mere-balapan-ke-yaar-sudama-kaise-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |